हम सब आये तेरे द्वार साईं बेड़ा पार करदो

हम सब आये तेरे द्वार, साईं बेड़ा पार करदो

सत्संग मे तेरे जो कोई आता,
खाली झोली भर ले जाता,
साई बड़े दातार, साईं बेड़ा पार करदो ॥

तेरे दर पर आ बेठे है, प्रीत तुझी से कर बेठे है,
सुनलो मेरी पुकार साईं बेड़ा पार करदो ॥

हाथ दया का सिर पर रख दो, एक ही काम हमारा करदो,
नैया लगा दो पार साईं बेड़ा पार करदो ॥

शिर्डि वाले साई हो दाता हम गरीबो के भाग्य विधाता,
भरो हमारे भण्ड़ार साईं बेड़ा पार करदो ॥

साई नाम तो सबसे बड़ा है आके बालक द्वार खड़ा है,
गाये भजन तुम्हार साईं बेड़ा पार करदो ॥

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/1434/title/hum-sab-aaye-tere-dvar-sai-beda-paar-kar-do

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |